दिन– शुक्रवार दिनांक– 14 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. कुवैत में भीषण अग्निकांड में मारे गए बिहार के एक समेत पैंतालीस भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर आज विशेष विमान से स्वदेश लाये जा रहे हैं।

02. रूपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज जारी होगी अधिसूचना। दस जुलाई को होगा मतदान।

03. शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में स्थानांतरित। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ को दी गई शिक्षा विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी।

04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जिलों में कुछ स्थानों पर भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया। कल से तापमान में गिरावट के साथ ही गर्मी से राहत मिलने की संभावना।

---

कुवैत में भीषण अग्निकांड में मारे गए बिहार के एक समेत पैंतालीस भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर आज विशेष उड़ान से स्वदेश लाये जाएंगे। कुवैत में भारतीय दूतावास से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह विशेष विमान दिल्ली जाने से पहले आज सुबह कोच्चि में उतरेगा। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

---

केंद्र सरकार, मृतकों के परिजनों को दो–दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान करेगी। मंगफ में श्रमिक शिविर की मालिक कंपनी एन.बी.टी.सी. ने प्रत्येक प्रभावित परिवार के लिए आठ लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रमुख प्रवासी भारतीय व्यवसायी और संयुक्त अरब अमीरात स्थित लुलु समूह के अध्यक्ष, एम.ए. यूसुफ़अली ने भी मृतकों के परिवारों को पांच लाख रुपये देने का वादा किया है।

---

रूपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज अधिसूचना जारी की जायेगी। इक्कीस जून तक नामांकन दाखिल किये जा सकेंगे और नामांकन पत्रों की जांच चौबीस जून को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि छब्बीस जून निर्धारित की गयी है। मतदान दस जुलाई को होगा, जबकि मतगणना तेरह जुलाई को होगी।

गौरतलब है कि जदयू विधायक बीमा भारती के इस्तीफे के बाद यह उप चुनाव कराया जा रहा है।

---

अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष का चुनाव छब्बीस जून को होगा। नवगठित लोकसभा का पहला सत्र चौबीस जून से शुरू हो रहा है। चौबीस और पच्चीस जून को नव निर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। राज्यसभा का सत्र सत्ताईस जून से शुरू होगा। इसी दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। संसद सत्र तीन जुलाई को समाप्त होगा।

---

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी को जिन क्षेत्रों में कम वोट मिले हैं, वहां संगठनात्मक रूप से ज्यादा मजबूती से काम किया जाएगा। पटना स्थित मुख्यालय में पार्टी विधायक और पदाधिकारियों की बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को जनता के साथ लगातार संपर्क में रहने और जनसमस्याओं को लेकर संघर्ष करते रहने की सलाह दी।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रत्येक गांव तक स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने और नियमित विद्युत आपूर्ति के निर्देश दिये हैं। वे मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ विभिन्न विभागों के लिए आगामी एक वर्ष के लिए कार्ययोजना की समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभागीय मंत्रियों को प्राथमिकता तय कर विकास कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दियें। साथ ही सात निश्चय–दो के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने की भी बात कही है। इधर, आज लगभग तीन महीने के बाद राज्य मंत्रिमंडल की बैठक होगी। लोकसभा चुनाव के कारण कैबिनेट की बैठक नहीं हो रही थी। इस बैठक में विभिन्न विभागो में नियुक्ति से जुड़े प्रस्ताव पर फैसला होने की संभावना है।

---

जदयू की राष्ट्रीय कार्यकारणी की बैठक उनतीस जून को नई दिल्ली में होगी। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ संसद सदस्य शामिल होंगे। इसमें आगे की रणनीति को लेकर चर्चा होने की संभावना है।

---

राज्य सरकार ने कई विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों का तबादला कर दिया है। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव के पद पर स्थानांतरित कर दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ को शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गयी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह को ग्रामीण कार्य विभाग का अपर मुख्य सचिव बनाया गया है। वित्त विभाग के प्रधान सचिव अरविन्द कुमार चौधरी को गृह विभाग का प्रधान सचिव बनाया गया है। इधर, राज्य सरकार ने चुनाव आयोग के निर्देश पर हटाए गये नवादा और भोजपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को फिर से उनके पद पर स्थानांतरित कर दिया है। भोजपुर के जिलाधिकारी राजकुमार और नवादा के जिलाधिकारी आशुतोष वर्मा बनाए गये हैं। वहीं, प्रमोद यादव को भोजपुर और अम्ब्रीश राहुल को नवादा के पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात किया गया है।

---

पूर्व आई.पी.एस. अधिकारी अजीत डोभाल को एक बार फिर से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और पूर्व आई.ए.एस. डॉ पी.के. मिश्रा को प्रधानमंत्री का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने इसे मंजूरी दी। इन दोनों अधिकारियों को वरीयता में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया है। समिति ने सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी अमित खरे और तरूण कपूर को भी प्रधानमंत्री के सलाहकार के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है।

---

केन्द्र सरकार ने कहा है कि वह गेहूं के बाजार मूल्य पर कड़ी निगरानी रख रही है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने कहा कि जमाखोरी रोकने और गेहूं के बाजार मूल्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए उचित उपाय किए जाएंगे। मंत्रालय ने कहा है कि खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग ने रबी विपणन सीजन दो हजार चौबीस के दौरान एक सौ बारह मिलियन मीट्रिक टन गेहूं के उत्पादन की सूचना दी है।

———————————————————

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से जारी भीषण गर्मी और लू के दौर से कल से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक एस. के. पटेल ने बताया कि कल से राज्य के अधिकतम तापमान में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी आ सकती है। वहीं, सोलह जून से गरज के साथ अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है।

———बाईट———

इधर, प्रदेश के अधिकांश इलाकों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने आज बक्सर, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जिलों में कुछ स्थानों पर भीषण गर्मी और लू का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं, भोजपुर, अरवल, गया, सारण, जहानाबाद, नवादा, नालंदा, सीवान और वैशाली जिले में कुछ स्थानों पर लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सैंतालीस दशमलव दो डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। भोजपुर का अधिकतम तापमान छियालीस दशमलव तीन, अरवल का छियालीस, वैशाली का पैंतालीस दशमलव छह, रोहतास के बिक्रमगंज का पैंतालीस और राजधानी पटना का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————

केन्द्रीय पंचायती राज, मत्सय पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार की योजनाओं को निचले स्तर तक पहुंचान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि विकास योजनाओं की हर स्तर पर निगरानी की जाएगी।

———————————————————

उपमुख्यमंत्री सह खनन मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि बालू और पत्थर के अवैध खनन और ढुलाई मामले में दर्ज प्राथमिकी की जांच ईओयू करेगी। उन्होंने विभागीय समीक्षा बैठक में कहा कि ओवर लोडेड वाहन पाये जाने पर संबंधित घाटों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनन और ढुलाई के मामले में लखीसराय जिले के खनिज विकास पदाधिकारी रणधीर कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

———————————————————

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट में कृपांक प्राप्त करने वाले एक हजार पांच सौ तिरेसठ अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा तेईस जून को होगी। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने कहा कि इस बारे में शीघ्र ही सूचना जारी की जाएगी और इन परीक्षार्थियों को ईमेल के माध्यम से सूचना प्रदान की जाएगी। एजेंसी ने कहा है कि दोबारा परीक्षा का निर्णय सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी के बाद लिया गया है। न्यायालय ने एक हजार पांच सौ तिरेसठ परीक्षार्थियों को प्रदान किए गए अनुग्रह या पूरक अंक वापस लेने का निर्देश दिया था। इस बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने की बात से इनकार किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि नीट परीक्षा में कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है।

———बाईट———

सुप्रीम कोर्ट का एक बहुत स्पष्टता के साथ ऑर्डर आई है उसको मैं स्वागत करता हूं नीट को लेकर जो एक संशय और जो शंका सामने आई थी वो आज समाप्त हो रही है। आने वाले दिनों में सारे प्रकार की शंका को दूर करने के लिए और पारदर्शिता लाई जाएगी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने अठारह जून को होने वाली डीएलएड के सत्र दो हजार तेईस–पच्चीस के प्रथम वर्ष और एसटीईटी की परीक्षा स्थगित कर दी है। बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्रह जून को बकरीद के मद्देनजर परीक्षा स्थगित की गयी है। उन्नीस जून से आगे की परीक्षा यथावत जारी रहेगी। अठारह जून की स्थगित परीक्षा की तिथि शीघ्र जारी की जाएगी।

---

केन्द्र सरकार ने आधार कार्ड को निःशुल्क अपडेट करने की समय सीमा तीन माह के लिए बढ़ा दी है। अब इस वर्ष चौदह सितम्बर तक आधार अपडेट किया जा सकेगा। पहले यह सीमा चौदह जून तक निर्धारित थी। यह निःशुल्क अपडेट सेवा सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही की जा सकेगी। आधार केन्द्र में जाकर आधार अपडेट करने पर सेवा शुल्क चुकाना होगा।

---

मधुबनी जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने अरेर थाना क्षेत्र के कपसिया चौक से पच्चीस कार्टन नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। टीम ने एक वाहन भी जब्त किया है। वहीं, अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस और एसएसबी ने छापेमारी कर देशी और नेपाली शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नीट–यूजी परीक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को अपनी सुर्खी बनाई है।

**हिन्दुस्तान** ने लिखा है– नीट में ग्रेस अंक पाए छात्रों की दोबारा परीक्षा होगी।

**दैनिक जागरण** ने सेना में भर्ती से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुए लिखा है– अग्निवीरों की भर्ती और सेवा–शर्तों में हो सकता है सुधार।

**दैनिक भास्कर** ने एमबीबीएस की पढ़ाई से जुड़ी खबर का शीर्षक लगाया है– मध्य प्रदेश के बाद अब बिहार दूसरा राज्य, जहां हिन्दी में भी इसी सत्र से कराई जाएगी एमबीबीएस की पढ़ाई।

**प्रभात खबर** ने मौसम की खबर को प्रमुखता दी है– आसमान उगल रहा आग, राज्य में पारा सैंतालीस डिग्री के पार, पंद्रह की हुई मौत।

**आज** अखबार लिखता है– यूनिवर्सिटी–कॉलेज में लागू नहीं होगी वेतन भुगतान की नई व्यवस्था।

**राष्ट्रीय सहारा** ने कृषि मंत्री मंगल पांडेय के बयान का शीर्षक लगाया है– मिट्‌टी जांच प्रयोगशालाओं में खाली पद भरे जायेंगे।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. कुवैत में भीषण अग्निकांड में मारे गए बिहार के एक समेत पैंतालीस भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर आज विशेष विमान से स्वदेश लाये जा रहे हैं।
02. रूपौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज जारी होगी अधिसूचना। दस जुलाई को होगा मतदान।
03. शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के. के. पाठक राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग में स्थानांतरित। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ को दी गई शिक्षा विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी।
04. और, मौसम विभाग ने आज बक्सर, औरंगाबाद, कैमूर और रोहतास जिलों में कुछ स्थानों पर भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया। कल से तापमान में गिरावट के साथ ही गर्मी से राहत मिलने की संभावना।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।